

बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय

BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR UNIVERSITY

(A CENTRAL UNIVERSITY)

ACCREDITED 'A++' GRADE BY NAAC (2023)

"सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी"

"Vigilance: Our Shared Responsibility"

Handbook

On

Vigilance Awareness

सतर्कता की शुरुआत कक्षा से होती है, प्रशासन में फलती-फूलती है, और अंततः उस संस्था में परिपूर्ण होती है जहाँ ईमानदारी एक साझा आदत बन जाती है।

Vigilance begins in the classroom, thrives in administration, and culminates in an institution where integrity is a shared habit



Babasaheb Bhimrao Ambedkar University (A Central University)
Vidya Vihar, Raebareli Road, Lucknow-226025

Integrity Pledge for Citizens

I believe that corruption has been one of the major obstacles to economic, political and social progress of our country.

I believe that all stakeholders such as Government, citizens and private sector need to work together to eradicate corruption.

I realize that every citizen should be vigilant and commit to highest standards of honesty and integrity at all times and support the fight against corruption.

I, therefore, pledge:

- To follow probity and rule of law in all walks of life;
- To neither take nor offer bribe;
- To perform all tasks in an honest and transparent manner;
- To act in public interest;
- To lead by example exhibiting integrity in personal behavior;
- To report any incident of corruption to the appropriate agency

Integrity Pledge for Organizations

We believe that corruption has been one of the major obstacles to economic, political and social progress of our country.

We believe that all stakeholders such as Government, citizens and private sector need to work together to eradicate corruption.

We acknowledge our responsibility to lead by example and the need to put in place safeguards. Integrity frameworks and code of ethics to ensure that we are not part of any corrupt practice and we tackle instances of corruption with utmost strictness.

We realize that as an Organization, we need to lead from the front in eradicating corruption and in maintaining highest standards of integrity, transparency and good governance in all aspects of our operations.

We, therefore, pledge that:

- We shall promote ethical business practices and foster a culture of honesty and integrity;
- We shall not offer or accept bribes;
- We commit to good corporate governance based on transparency, accountability and fairness;
- We shall adhere to relevant laws, rules and compliance mechanisms in the conduct of business;
- We shall adopt a code of ethics for all our employees;
- We shall sensitize our employees of laws, regulations, etc. relevant to their work for honest discharge of their duties;
- We shall provide grievance redressal and Whistle Blower mechanism for reporting grievances and fraudulent activities;
- We shall protect the rights and interests of stakeholders and the society at large.



"शिक्षा बुद्धि का विकास करती है, सतर्कता चरित्र का निर्माण करती है
दोनों मिलकर एक महान संस्थान बनाते हैं।"

"Education nurtures intellect; Vigilance nurtures integrity.
Together, they build a great Institution."

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 का आयोजन *"सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी"* विषय के साथ हमें यह स्मरण कराता है कि ईमानदारी और पारदर्शिता केवल नीतियाँ नहीं, बल्कि हमारे जीवन और कार्य संस्कृति का हिस्सा होनी चाहिए।

भारत सरकार और केंद्रीय सतर्कता आयोग (CVC) के मार्गदर्शन में, सतर्कता का उद्देश्य केवल भ्रष्टाचार की रोकथाम नहीं, बल्कि एक ऐसी कार्यसंस्कृति का निर्माण है जहाँ हर व्यक्ति अपने आचरण के लिए उत्तरदायी हो और संस्थान की छवि निष्कलंक बनी रहे।

हमारा विश्वविद्यालय इस दिशा में निरंतर प्रयत्नशील है कि शासन-प्रणालियों में पारदर्शिता को संस्थागत रूप दिया जाए, निर्णयों में नैतिक मूल्यों को केंद्र में रखा जाए, और कार्य निष्पादन में जवाबदेही को आधार बनाया जाए। ई-गवर्नेंस, डिजिटल प्रक्रिया, और सहभागी प्रशासन के माध्यम से हम भ्रष्टाचार की संभावनाओं को समाप्त करने और निष्ठा को सशक्त बनाने की दिशा में अग्रसर हैं।

मैं सभी हितधारकों शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं कर्मचारी से आग्रह करता हूँ कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी करें। आइए, हम ऐसी संस्कृति विकसित करें जहाँ सतर्कता एक बाध्यता नहीं, बल्कि एक आदत बने; और ईमानदारी एक नियम नहीं, बल्कि हमारी पहचान बने।

आइए, हम सभी यह संकल्प लें कि हमारा विश्वविद्यालय **नैतिक प्रशासन और सार्वजनिक विश्वास** का आदर्श उदाहरण बनेगा।

The observance of **Vigilance Awareness Week 2025**, with the theme *"Vigilance: Our Shared Responsibility"*, is a timely reminder of our collective duty to uphold integrity and transparency in every sphere of life.

As envisioned by the Government of India and the Central Vigilance Commission (CVC), vigilance is not merely the prevention of corruption - it is a proactive culture of honesty, fairness, and accountability. It begins with each one of us taking ownership of our actions and ensuring that our institution remains beyond reproach.

In our University, we are committed to building a system where transparency is embedded in governance, ethics guide our decisions, and accountability defines our performance. Through e-governance, digital processes, and participative administration, we are striving to eliminate opportunities for corruption and strengthen institutional integrity.

I urge all stakeholders including faculty, students and staff to contribute actively to this movement. Let us together nurture a culture where vigilance is not an obligation, but a habit; where honesty is not enforced, but embraced.

Let us reaffirm our pledge to make our University a **model of ethical governance and public trust**.

Prof. Raj Kumar Mittal
Vice Chancellor, BBAU



"ईमानदारी वह बीज है, जिससे पारदर्शिता और विश्वास पनपते हैं।"

"Integrity is the seed from which transparency and trust grow."

केंद्रीय सतर्कता आयोग (CVC), भारत सरकार के अधीन, प्रत्येक वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से करता है। वर्ष 2025 का विषय **"सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी"** हमें यह याद दिलाता है कि सतर्कता किसी कार्यालय या विभाग तक सीमित नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति के नैतिक आचरण से प्रारंभ होती है।

हमारे विश्वविद्यालय का सतर्कता प्रकोष्ठ इस मिशन के प्रति प्रतिबद्ध है कि प्रशासनिक कार्यों में निष्पक्षता, प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और सार्वजनिक व्यवहार में ईमानदारी बनी रहे। हमारा उद्देश्य दंड से अधिक जागरूकता के माध्यम से अनियमितताओं की रोकथाम करना है। रोकथामात्मक सतर्कता, नैतिक नेतृत्व और सहभागी प्रशासन हमारे कार्य के मूल स्तंभ हैं।

विश्वविद्यालय ने ई-गवर्नेंस, ई-टेंडरिंग, पारदर्शी भर्ती प्रणाली और आंतरिक लेखा तंत्र को अपनाकर संस्थागत निष्ठा को सशक्त बनाया है। इस मिशन में प्रत्येक हितधारक — चाहे विद्यार्थी हो, शिक्षक, कर्मचारी या ठेकेदार — समान रूप से महत्वपूर्ण सहयोगी है।

मैं विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों से आग्रह करता हूँ कि वे सतर्क रहें, किसी भी अनियमितता की सूचना निर्भय होकर दें, और एक ऐसे भ्रष्टाचार-मुक्त परिसर के निर्माण में सहयोग करें जहाँ पारदर्शिता हमारी सामूहिक मूल्य बने और ईमानदारी हमारी साझा पहचान।

आइए, हम सब मिलकर सतर्कता को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं।

The Central Vigilance Commission (CVC), under the mandate of the Government of India, observes Vigilance Awareness Week every year to promote integrity, transparency, and accountability across institutions. The 2025 theme -***"Vigilance: Our Shared Responsibility"*** - reminds us that vigilance is not confined to an office or a department; it begins with every individual's commitment to ethical conduct.

At our University, the Vigilance Cell works with the mission to ensure fairness in administration, transparency in procedures, and honesty in public dealings. Our focus is to prevent irregularities through awareness, not merely by punishment. Preventive vigilance, ethical leadership, and participative governance are the pillars of our approach.

We are continuously adopting digital platforms, e-tendering, transparent recruitment systems, and audit mechanisms to strengthen institutional integrity. Every stakeholder - whether a student, faculty, employee, or vendor - is an essential partner in this mission.

I appeal to all members of the University fraternity to remain alert, report irregularities without fear, and help build a corruption-free campus where transparency is a shared value and honesty a common virtue. Let us together make vigilance a way of life.

Prof. R A Khan
CVO, BBAU

1.0 सतर्कता जागरूकता सप्ताह के बारे में

सतर्कता जागरूकता सप्ताह प्रतिवर्ष ईमानदारी को प्रोत्साहित करने और भ्रष्टाचार को रोकने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इसका उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों और नागरिकों को नैतिक मूल्यों, पारदर्शी कार्यप्रणालियों तथा शिकायत निवारण की उचित प्रक्रियाओं के बारे में शिक्षित करना है।

2.0 भ्रष्टाचार क्या है?

भ्रष्टाचार का अर्थ है – व्यक्तिगत लाभ के लिए पद का दुरुपयोग, पक्षपात, रिश्वत लेना या नियमों की अनदेखी करना। छोटी-छोटी लापरवाहियाँ या जानकारी छिपाना भी अनैतिक आचरण की श्रेणी में आता है।

3.0 विश्वविद्यालय हितधारकों की जिम्मेदारियाँ

विश्वविद्यालय परिवार के प्रत्येक सदस्य-शिक्षक, विद्यार्थी, प्रशासनिक कर्मचारी, और सेवा प्रदाता-की यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है कि वे पारदर्शिता और नैतिकता को अपने कार्य में बनाए रखें। सतर्कता तभी प्रभावी होती है जब हर व्यक्ति ईमानदारी से भागीदारी करता है।

(क) शिक्षकगण:

- अध्यापन, मूल्यांकन और शोध कार्य में ईमानदारी बनाए रखें।
- पक्षपात से बचें और शैक्षणिक कार्यों में निष्पक्षता बरतें।
- विभाग में किसी भी अनियमितता या अनैतिक व्यवहार की सूचना दें।

(ख) विद्यार्थी:

- शैक्षणिक ईमानदारी का पालन करें - नकल, साहित्यिक चोरी या अनुचित साधनों से दूर रहें।
- विश्वविद्यालय के नियमों का सम्मान करें और पारदर्शिता के वातावरण में योगदान दें।
- संसाधनों के दुरुपयोग या अनैतिक कार्य की सूचना जिम्मेदारी से दें।

(ग) प्रशासनिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारी:

- सभी प्रक्रियाओं को पारदर्शी रूप से अपनाएँ और अभिलेखों को सही रखें।
- रिश्वत, पक्षपात या पद का दुरुपयोग न करें।
- डिजिटल और जवाबदेह प्रणाली को समर्थन दें।

(घ) ठेकेदार / सेवा प्रदाता:

- सभी अनुबंधों में ईमानदार व्यापारिक आचरण अपनाएँ।
- किसी भी प्रकार के अनुचित लाभ की पेशकश या स्वीकृति न करें।
- सतर्कता जाँच और ऑडिट में पूर्ण सहयोग करें।

1.0 About Vigilance Awareness Week

Vigilance Awareness Week is observed every year to promote integrity and curb corruption. It aims to educate public servants and citizens about ethical values, transparent practices, and proper grievance redressal mechanisms.

2.0 What is Corruption?

Corruption includes misuse of position for personal gain, favoritism, bribery, and non-adherence to rules. Even small acts of negligence or concealment can amount to unethical behavior.

3.0 Responsibilities of University Stakeholders

Every member of the University community including faculty, students, non-teaching staff, and service providers, has a vital role in promoting transparency and ethical conduct. Vigilance is effective only when everyone participates honestly.

(a) Faculty Members:

- Uphold integrity in teaching, evaluation, and research.
- Avoid favoritism and ensure fairness in academic dealings.
- Report any irregularity or unethical practice noticed in their department.

(b) Students:

- Adhere to academic honesty- no cheating, plagiarism, or unfair means.
- Respect institutional rules and contribute to a culture of transparency.
- Report unethical acts or misuse of resources responsibly.

(c) Administrative & Non-Teaching Staff:

- Follow all procedures transparently and maintain records properly.
- Say no to bribery, favoritism, or misuse of office.
- Support digital, paperless, and accountable systems.

(d) Vendors / Contractors / Service Providers:

- Maintain ethical business practices in all university dealings.
- Avoid offering or accepting any undue advantage.
- Cooperate fully with vigilance processes and audits.

4.0 शिकायत कैसे करें

- किसी भी संदिग्ध अनियमितता की सूचना गोपनीय रूप से विश्वविद्यालय सतर्कता प्रकोष्ठ को दें।
- आप इस पते पर लिख सकते हैं: **मुख्य सतर्कता अधिकारी, बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ – 226025**
  या ईमेल करें: **cvobbau@gmail.com**
- हेल्पलाइन (जल्द ही उपलब्ध कराई जाएगी)

5.0 कार्यवाही और निवारण

विश्वविद्यालय सभी शिकायतों की निष्पक्ष जाँच सुनिश्चित करता है। सिद्ध होने पर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। जाँच प्रक्रिया पारदर्शी होगी और शिकायतकर्ता व आरोपित दोनों के अधिकारों की रक्षा की जाएगी।

6.0 भ्रष्टाचार-मुक्त परिसर हेतु विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता

विश्वविद्यालय ई-गवर्नेंस, ऑनलाइन खरीद प्रणाली, पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया और जागरूकता कार्यक्रमों को अपनाकर मानवीय हस्तक्षेप को कम कर रहा है तथा जवाबदेही को बढ़ा रहा है।

7.0 हमारी साझा जिम्मेदारी

आइए हम सब अपने कर्तव्यों में सतर्क और अपने व्यवहार में पारदर्शी रहने की प्रतिज्ञा लें। मिलकर हम एक ऐसे संस्थान का निर्माण करें जो ईमानदारी और निष्ठा का प्रतीक बने।

8.0 भविष्य की योजनाएँ

विश्वविद्यालय में पारदर्शिता, निष्ठा और सतर्कता की संस्कृति को और सशक्त बनाने हेतु, माननीय कुलपति एवं सतर्कता प्रकोष्ठ के मार्गदर्शन में कुछ नई पहलें प्रारंभ की जा रही हैं।

(i) समर्पित सतर्कता हेल्पलाइन:

बहुत शीघ्र एक **गोपनीय हेल्पलाइन नंबर** जारी किया जाएगा, जिसके माध्यम से शिक्षक, विद्यार्थी तथा कर्मचारी किसी भी संदिग्ध अनियमितता या अनैतिक गतिविधि की सूचना निर्भय होकर दे सकेंगे। शिकायतकर्ता की गोपनीयता पूर्णतः सुरक्षित रखी जाएगी।

(ii) ऑनलाइन सतर्कता पोर्टल:

विश्वविद्यालय एक **समर्पित ऑनलाइन पोर्टल** विकसित कर रहा है, जहाँ कोई भी हितधारक सतर्कता, पारदर्शिता या प्रशासनिक निष्ठा से संबंधित सूचना, सुझाव या शिकायत सुरक्षित रूप से दर्ज करा सकेगा।

(iii) क्षमता निर्माण एवं जागरूकता कार्यक्रम:

नियमित रूप से कार्यशालाएँ, सेमिनार एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि सभी हितधारक नैतिक कार्यप्रणालियों, नियमों और रोकथामात्मक सतर्कता के प्रति अधिक सजग हो सकें।

इन पहलों के माध्यम से विश्वविद्यालय एक **भ्रष्टाचार-मुक्त, पारदर्शी और जवाबदेह शैक्षणिक वातावरण** के निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः दोहरा रहा है।

4.0 How to Report Corruption

- Report any suspected malpractice confidentially to the University Vigilance Cell.
- You may write to: **CVO, Babasaheb Bhimrao Ambedkar University, Lucknow 226025** OR send an email at: **cvobbau@gmail.com**
- Helpline (will be made available soon)

5.0 Action & Redressal

The University ensures fair and impartial inquiry into all complaints. Strict action will be taken against proven cases of misconduct. The process will remain transparent, protecting both complainant and accused as per rules.

6.0 University's Commitment Towards a Corruption-Free Campus

The University is adopting e-governance, online procurement systems, transparent recruitment procedures, and awareness programmes to minimize human interface and enhance accountability.

7.0 Our Shared Responsibility

Let us pledge to be vigilant in our duties and transparent in our dealings. Together, we can build BBAU as a model of honesty and integrity.

8.0 Future Plan:

To further strengthen the culture of transparency, integrity, and vigilance within the University, several new initiatives are being planned under the guidance of the Hon'ble Vice Chancellor and the Vigilance Cell.

(i) Dedicated Vigilance Helpline:

A **confidential helpline number** will soon be launched to enable faculty, students, and staff to report any suspected irregularity or unethical practice. This will ensure prompt redressal while maintaining complete confidentiality of the complainant.

(ii) Online Vigilance Reporting Portal:

The University is also developing a **dedicated online portal**, where any stakeholder can safely and securely share information, suggestions, or complaints related to vigilance, transparency, or administrative integrity.

(iii) Capacity Building & Awareness:

Regular workshops, seminars, and training programmes will be conducted to sensitize all stakeholders about ethical practices, rules, and preventive vigilance.

Through these steps, our University reaffirms its commitment to building a **corruption-free, transparent, and accountable academic ecosystem**.



Chief Vigilance Officer
Babasaheb Bhimrao Ambedkar University
(A Central University)
Vidya Vihar, Raebareli Road
Lucknow-226025 UP
Email: cvobbau@gmail.com

Vigilance Awareness Handbook

Babasaheb Bhimrao Ambedkar University (A Central University)
Vidya Vihar, Raebareli Road, Lucknow-226025